# बिना अनुमति भूमि से किया जा रहा था उत्खनन, जेसीबी सहित दो ट्रैक्टर जप्त





सिवनी/स्वतंत्रमत

कुरई विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छीतापार के ग्राम खापा (पटवारी हल्का क्रमांक 29) में किसान सुदेश पिता शिवचरण पवार की निजी भूमि पर बिना अनुमति मुरम उत्खनन किया जा रहा था।

ग्रामीणों के अनुसार, जेसीबी मशीन से मुरम निकालकर दो ट्रैक्टरों की सहायता से खापा से सूखा डोंगरी रोड पर डाली जा रही थी।

ग्रामीणों ने जब यह देखा तो ग्राम पंचायत छीतापार के सरपंच व सचिव को सूचना दी। दोनों ने बताया कि उन्हें इस कार्य की कोई जानकारी नहीं है और न ही उक्त सड़क निर्माण के लिए किसी प्रकार की स्वीकृति प्राप्त है। मामले की जानकारी राजस्व विभाग के हल्का पटवारी रवि शंकर जांगड़े को दी गई, लेकिन फोन रिसीव न होने पर कुरई तहसीलदार सतीश चौधरी को सूचना पहुंचाई गई।

तहसीलदार के निर्देश पर अनिल धुर्वे एवं पटवारी दल मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार कर कार्रवाई की। जिसमें ग्रामीण नरेश चौरसिया, ग्राम पंचायत सरपंच अशोक उईके ,सचिव मेहताप परते, धरम सिंह मरकाम, ग्राम कोटवार दीपक नायक,खनिज निरीक्षक रंजीत डेहरिया ने बताया कि मौके से जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टरों को जप्त कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## नानकराम पाल हुआ निलंबित

सिवनी/स्वतंत्रमत

**गोपालगंज।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालगंज निवासी लक्ष्य उर्फ कुलदीप साहू द्वारा कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक नानकराम पाल पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कुलदीप साहू ने पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन के साथ एक ऑडियो क्लिप प्रस्तुत की, जिसमें नानकराम पाल द्वारा 2,000 की मांग करते सुना जा सकता है।

उक्त ऑडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिवनी ने 16 अक्टूबर 2025 को तत्काल प्रभाव से नानकराम पाल को निलंबित कर रक्षित केंद्र सिवनी में संबद्ध कर दिया है। निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया है कि प्रथम दृष्टया उनका आचरण संदिग्ध पाया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार वेतन-भत्ते की पात्रता रहेगी।



# कलेक्टर ने किया नहरों की सफाई और मरम्मत कार्यों का निरीक्षण

**अंतिम छोर तक के किसान को सिंचाई के लिए पानी पहुँचाने की कार्ययोजना से कार्य करने के निर्देश**

सिवनी/स्वतंत्रमत

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को केवलारी क्षेत्र के हिनोतिया, समनापुर, पलारी, मानेगांव, छुई सहित अन्य ग्रामों का दौरा कर नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रबी फसल के लिए किसानों को सुगम रूप से सिंचाई उपलब्ध कराने हेतु संजय सरोवर से पानी आपूर्ति की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम छोर तक के किसानों को भी सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने नहरों की गुणवत्तापूर्ण ग्रेडिंग कर सभी छोटी-बड़ी मरम्मत कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नहरों में किए गए अतिक्रमण को भी चिन्हांकित कर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने किसान प्रतिनिधियों से चर्चा कर सिंचाई के लिए जलापूर्ति की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव प्राप्त किए तथा कहा कि यदि विभागीय बजट से अधिक व्यय की आवश्यकता हो, तो जनप्रतिनिधियों एवं कृषकों को जनसहयोग के लिए प्रेरित किया जाए। इस अवसर पर एडीएम केवलारी महेश अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री तिलवारा बायीं तट नहर पी.एन. नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने कार्यवाही कर 4250 किलो महुआ लाहन जब्त किए

सिवनी/स्वतंत्रमत



आगामी त्योहारों के मद्देनज़र जिले में अवैध शराब की संभावित खपत पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग सिवनी की टीम द्वारा कान्हीवाड़ा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम जावना के निकट नालों और तालाबों के किनारे कुछ व्यक्ति संगठित रूप से बड़े पैमाने पर अवैध हाथभट्टी कच्ची शराब तैयार करने की योजना बना रहे हैं, जिसे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था। प्राप्त सूचना के आधार पर गुरूवार 16 अक्टूबर को आबकारी विभाग की टीम ने संबंधित क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध शराब बनाने के अड्डों को नष्ट करते हुए प्लास्टिक की बोरियों में भरा हुआ भारी मात्रा में सड़ा हुआ महुआ लाहन बरामद किया गया।

## नसभा में प्रेक्षक का निरीक्षण, मतदाता सूची के पुनरीक्षण और लापरवाही पर नोटिस जारी

सिवनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा नियुक्त प्रेक्षक राजेश कोल ने आज केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों और दावा-आपत्री केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केलोपा, खैरापलारी, मलारी, मुनगापार, बोथिया, बिछुआ रैयत, संदीपनी विद्यालय केवलारी और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलारी का दौरा कर पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के कार्य का अवलोकन किया।

# संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सिवनी/स्वतंत्रमत




मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार पीएम एक्सीलेंस कॉलेज सिवनी में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ।

इस प्रतियोगिता में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले छिंदवाड़ा , पाण्डुर्ना, बालाघाट और सिवनी जिले के कॉलेजों के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने बताया कि राज्य के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में सिवनी की टीम विजेता बनी छिंदवाड़ा जिले की टीम उपविजेता रही।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय और प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने किया। विश्वविद्यालय की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में श्रीमती अर्चना पाठक उपस्थित रही प्रतियोगिता को संम्पादित कराने मै संदीप मिश्रा, चंदन मिश्रा, मनीष परिहार का सहयोग रहा।






















































